हिन्दुस्त

नवोदय 2023 में तनु, रिचा व सुरुचि को पुरस्कार

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को नवोदय-2023 वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। यहां मुख्य अतिथि इंडियन ओवरसीज बैंक लखनऊ के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक संजय किशोर को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। तनु, रिचा व सुरुचि को विशेष पुरस्कार दिया गया।

तनु, रिचा, सुरुचि को मोना चंद्रावती अवॉर्ड

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन महाविद्यालय में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक इंडियन ओवरसीज बैंक संजय किशोर ने बतौर मुख्य अतिथि बीए, बीएससी और बीकॉम में सर्वोच्च अंक हासिल करने वाली तनु अवस्थी, रिचा अवस्थी व सुरुचि सिंह को महाविद्यालय के प्रतिष्ठित मोना चंद्रावती अवॉर्ड से नवाजा। निकिता कुशवाहा, रितु रावत, प्रांजलि गौतम सहित अन्य छात्राओं को विभिन्न अवार्ड व नकद पुरस्कार दिया गया। वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्राचार्य प्रो. सपना वर्मा ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर विधायक रविदास मेहरोत्रा, ललित पंत, नीरज पाठक, मुदित अग्रवाल व परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी व अन्य मौजूद रहे। (संवाद)

नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखनऊ द्वारा वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का किया गया आयोजन

लखनऊ। नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखनऊ द्वारा वार्षिक उत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक इंडियन ओवरसीज बैंक लखनऊ श्री संजय किशोर जी को गार्ड ऑफ ऑनर तथा बौद्ध गमला देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ इसके पश्चात छात्रों द्वारा महाविद्यालय गीत प्रस्तुत किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत छात्रों द्वारा नृत्य कव्वाली गीत आदि के मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुतियां की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सपना वर्मा द्वारा महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट का वाचन किया गया पुर स्कार वितरण समारोह प्रारंभ हुआ महाविद्यालय का मुख्य पुरस्कार मोना चंद्रावती अवार्ड महाविद्यालय के सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं तनु अवस्थी ड्ड.ड्ड. तृतीय वर्ष रिचा अवस्थी बीएससी तृतीय वर्ष तथा सुरुचि सिंह बीकॉम तृतीय वर्ष को प्रदान किया गया इसके पश्चात डॉक्टर आशा गुप्ता मेमोरियल स्कॉलरशिप स्वाति वर्मा बीएससी तृतीय वर्ष एवं प्रांजली गौतम ड्ड.ड्ड. तृतीय वर्ष को प्रदान की गई महाविद्यालय के प्रत्येक विषय में प्रत्येक वर्ष में सर्वोच्च अंक पाने वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया इस वर्ष प्रथम बार अनिल कुमार अग्रवाल मेमोरियल अवार्ड महाविद्यालय में सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्र तनु अवस्थी ड्ड.ड्ड. तृतीय वर्ष को दिया गया राजनीति शास्त्र एवं मानव शास्त्र विषय में ड्ड.ड्ड. तृतीय वर्ष में सर्वोच्च अंक पाने वाली छात्राओं को क्रमश पीसी तिवारी मेमोरियल अवॉर्ड एवं संतोषा देवी मेमोरियल अवार्ड से पुरस्कृत किया गया।

तनु, रिचा, सुरुचि को सर्वोच्च अंकों के लिए मिला अवार्ड

जासं, लखनऊ : नारी शिक्षा निकेतन पीजी कालेज में शुक्रवार को नवोदय-2023 वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि इंडियन ओवरसीज बैंक के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक संजय किशोर को गार्ड आफ आनर दिया गया। इस अवसर पर सर्वोच्च अंक पाने वाली बीए तीसरे वर्ष की छात्रा तनु अवस्थी, बीएससी तीसरे वर्ष की छात्रा रिचा अवस्थी और बीकाम तीसरे वर्ष की छात्रा सुरुचि सिंह को कालेज के मुख्य पुरस्कार मोना चन्द्रावती अवार्ड से सम्मानित किया गया। पुरस्कार में उन्हें एक हजार रुपये व प्रमाण पत्र दिया गया।

समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत छात्राओं ने नृत्य, कव्वाली, गीत की प्रस्तुति दी। प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा ने बताया कि एमए प्रथम वर्ष की छात्रा निकिता कुशवाहा और द्वितीय वर्ष की रितु रावत को डा. आशा गुप्ता मेमोरियल अवार्ड दिया गया। बीएससी तीसरे वर्ष की छात्रा स्वाति वर्मा एवं बीए तीसरे वर्ष की छात्रा प्रांजलि गौतम को सुधा प्रकाश मेमोरियल छात्रवृत्ति दी गई।

इन्हें भी मिला अवार्ड : हर विषय में प्रत्येक वर्ष के सर्वोच्च अंक पाने वाली छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। इस वर्ष पहली बार अनिल कुमार अग्रवाल मेमोरियल अवार्ड सर्वाधिक अंक पाने वाली बीए तीसरे वर्ष की छात्रा तनु अवस्थी को मिला। राजनीति शास्त्र एवं मानवशास्त्र विषय में बीए दूसरे वर्ष में सर्वोच्च अंक पाने वाली छात्राओं को पीसी तिवारी मेमोरियल अवार्ड एवं संतोषा देवी मेमोरियल अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा बेस्ट एनसीसी व एनएसएस के स्वयंसेवकों, बेस्ट खिलाड़ी को भी पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिए गए।